दिनांक 31 जुलाई 2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

महापौर परिषद की बैठक में एक्सप्रेस सर्विस सेंटर को सहमति, 48 घंटे में मिलेगी सुविधा

भिलाईनगर/ निगम द्वारा दी जाने वाली विभिन्न नागरिक सुविधाओं के प्रमाण-पत्र 48 घण्टे के भीतर जारी किये जाने हेतु एक्सप्रेस सर्विस सेन्टर की स्वीकृति के साथ ही अन्य 4 प्रस्ताव पर महापौर परिषद की बैठक में विचार विमर्श किया गया। महापौर देवेंद्र यादव एवं आयुक्त सुंदरानी के प्रयास से नागरिक सुविधाओं के त्वरित क्रियान्वयन हेतु एक्सप्रेस सर्विस सेंटर की स्थापना के लिए प्रयास किया गया था जिसमें जन्म प्रमाण पत्र , विवाह प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र का पंजीयन एवं सुधार कार्य , व्यापार अनुज्ञप्ति, खाद्य एवं गुमास्ता बनाने का कार्य किया 48 घंटे के भीतर किया जाना है!

निगम महापौर परिषद की बैठक लोककर्म एवं राजस्व विभाग के प्रभारी सदस्य वरिष्ठ पार्षद नीरज पाल की अध्यक्षता में आहूत की गई जिसमें 05 प्रस्ताव पर विचार विमर्श किया गया। मदर टेरेसा नगर में गौरव पथ के किनारे रिक्त भूमि को पेट्रोल पम्प हेतु आबंटित किये जाने के प्रस्ताव को सामान्य सभा के माध्यम से शासन को स्वीकृति हेतु भेजे जाने पर सहमति व्यक्त की गई। सेवानिवृत्त स्वच्छता पर्यवेक्षक रामायण सिंह को संविदा नियुक्ति पर लिये जाने पर सभी सदस्यों ने सहमति प्रदान करते हुए शासन को स्वीकृति के लिए प्रेषित किये जाने का संकल्प पारित किया गया। निगम में कार्यरत् सुरक्षा गार्ड कुशल श्रमिक 01 एवं अर्द्धकुशल 109 श्रमिकों के समयावृद्धि किये जाने पर सहमति प्रदान की गई।

जनसम्पर्क अधिकारी

जल है तो कल है, जल ही जीवन है